Press Release

Wavin India Holdings Private Limited

Address (Registered office)
Saket District Centre, District
Mall Sector 6, Pushp Vihar
New Delhi, 110024, India

Internet
www.wavin.co.in

E-mail
wavinindia@wavin.com

वाविन ने एक और मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के अधिग्रहण के साथ भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

भारत, 25 अक्टूबर, 2021 : हैदराबाद, तेलंगाना में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के हालिया अधिग्रहण के बाद, वाविन ने ड्यूरा-लाइन से राजस्थान के नीमराणा में नए प्लांट के अधिग्रहण की घोषणा की है। वाविन बिल्डिंग एवं इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्री के लिए विशिष्ट प्रकार के पाइप्स और फिटिंग सॉल्यूशन बनाने वाली कंपनी है। यह 2021 में कंपनी द्वारा किया गया दूसरा अधिग्रहण है। इससे जमीन के नीचे इस्तेमाल के लिए एडवांस्ड वाटर एवं गैस पाइप्स एवं फिटिंग्स के लिए उभरती जरूरतों को पूरा किया जाएगा। साथ ही जमीन से ऊपर के प्रयोगों के लिए सीपीवीसी, यूपीवीसी और एसडब्लूआर पाइप्स की जरूरतें भी पूरी होंगी।

इस दूसरे प्लांट का अधिग्रहण भारत और एशिया प्रशांत देशों के बाजार में वाविन की ओर से किए गए विस्तार का हिस्सा है। कंपनी ने भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। कंपनी ने पाया है कि शहरों की बढ़ती आबादी, खासतौर से उत्तर भारत में पीने के पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के स्थिर सोल्यूशन प्रदान करने के लिए यह निवेश बहुत जरूरी है।

नीमराणा प्लांट में इंडस्ट्री में अपनाए गए नवीनतम तरीके से जमीन के नीचे इस्तेमाल के लिए एडवांस्ड वॉटर और गैस प्रॉडक्ट्स का उत्पादन जारी रखा जाएगा। कंपनी जमीन के ऊपर इस्तेमाल के लिए सीपीवीसी, यूपीवीसी और एसडब्ल्यूआर पाइप के लिए अन्य एक्स्ट्रूशन लाइन्स में भी निवेश करेगी।

वाविन के प्रेसिडेंट मार्टिन रोएफ ने प्लांट के अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए कहा, " वाविन अब बाजार की बढ़ती मांग को पूरा करने और स्वस्थ और स्थिर वातावरण के निर्माण में योगदान के लिए बेहतर स्थिति में है। नीमराणा और हैदराबाद प्लांट के आसपास का भौगोलिक क्षेत्र काफी विस्तृत है। इतना ही नहीं, इन दो लोकेशन और वेयरहाउस के साथ हम इन जिलों की बेहतर ढंग से सेवा करने की स्थिति में है, जहां अधिकतर मार्केट का विकास हो रहा है।

वाविन स्थानीय रूप से पीवीसी, सीपीवीसी, एसडब्ल्यूआर पाइप्स और फिटिंग्स की व्यापक रेंज का उत्पादन करेगा। वाविन के किफायती, इनोवेटिव तथा विश्वसनीय प्रॉडक्ट्स और सोल्यूशन स्थिर विकास को बढ़ावा देंगे। इससे भविष्य की जरूरत के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की जरूरतों को पूरा करने में सहयोग दिया जाएगा।

कंपनी प्रॉडक्ट्स और सिस्टम सोल्यूशंस का सख्त सुरक्षा मानकों के अनुसार निर्माण करती है और अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिये इनके प्रयोग से कोई समझौता किये बिना गवर्निंग स्टैण्डर्ड का पूरी तरह अनुपालन करती है।

देश भर में फैले डिस्ट्रिब्यूटर्स और चैनल पार्टनर्स से वाविन प्लंबरों को प्रशिक्षण देकर उन्हें अपने कौशल में और दक्षता प्रदान कर देश में सकारामक बदलाव लाने की कोशिश कर रहा है। इससे प्लंबर्स का काम एक्सपर्ट के तरीके से करना सुनिश्चित होगा। इस तरह वाविन सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से पीने के पानी का सिस्टम इंस्टॉल करना सुनिश्चित करने के लिए अपनी ओर से योगदान दे रहा है।

ड्यूरा-लाइन ऑर्बिया का हिस्सा है जो उच्च घनत्व वाली पॉलीएथलीन (एचडीपीई) ट्यूब्स (कंड्यूइट्स) का उत्पादन करती है जिसे टीएल-9000 और आइएसओ-9001 रेटिंग प्राप्त है। इन ट्यूब्स का इस्तेमाल टेलीकम्यूनिकेशंस, एंटरप्राइज, एवं इलेक्ट्रिकल बाजारों में किया जाता है। वाविन और ड्यूरा-लाइन, दोनों ही ऑर्बिया की समूह कंपनियाँ हैं। ऑर्बिया बिल्डिंग एवं इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रिसीशन एग्रीकल्चर, हेल्थकेयर डिलीवरी और डाटा कम्युनिकेशंस के लिये विशिष्ट उत्पादों और अभिनव समाधानों को बनाने में दुनिया की प्रमुख कंपनी है।

....

वाविन के विषय में

वाविन कई महाद्वीपों में बिल्डिंग एवं इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग के लिये अभिनव समाधान प्रदाता है। 60 वर्षों से ज्यादा के अनुभव से पोषित यह कंपनी सुरक्षित और क्षमतावान जल आपूर्ति, सफाई एवं स्वच्छता, जलवायु से सुरक्षित शहरों, और भवनों के बेहतर प्रदर्शन में विश्व की सबसे बड़ी चुनौतियों में से कुछ से निपटने के लिये तैयार है। वाविन में हम दुनिया को सकारात्मक रूप से बदलने पर केन्द्रित हैं और हमें स्वस्थ तथा स्थायी पर्यावरण बनाने का जुनून है। हम शहरों के लीडर्स, इंजीनियरों, ठेकेदारों, और इंस्टालर्स के साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि शहरों को भविष्य के लिये तैयार करने और इमारतों को सुविधाजनक तथा ऊर्जा बचाने वाला बनाने में सहायता कर सकें। वाविन ऑर्बिया का हिस्सा है, जो एक साझा उद्देश्य से जुड़ीं कंपनियों की एक कम्युनिटी है और वह उद्देश्य है: दुनियाभर में जीवन को उन्नत करना। दुनिया के 37 देशों में वाविन के 10,500 से ज्यादा कर्मचारी हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें
योगेश कुमार@वाविन इंडिया
@एमएसएल
एंजेला वू @ वाविन एपीएसी
एमिएल वैन डेन बूमेन@ वाविन ग्लोबल